**e-Mail**

बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)
**स0सं0:– 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95/2019–पार्ट–I...............**

प्रेषक,

**दीपक कुमार सिंह,** भा0प्र0से0
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

सेवा में,

**क्षेत्रीय पदाधिकारी,**
भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (NHAI)
प्रथम मंजिल, विवेकानन्द मार्ग,
बोरिंग रोड, पटना, ई–मेल–ropatna@nhai.org

पटना, दिनांक :–

विषय :– बिहार राज्य में संचालित विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त प्रक्रिया के आलोक में बिहार राज्य में NHAI अंतर्गत आनेवाली भूमि का ब्यौरा उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महाशय,

उपर्युक्त विषय के सम्बन्ध में कहना है कि बिहार राज्य में बिहार विशेष सर्वेक्षण एवं बन्दोबस्त कार्यक्रम अंतर्गत रैयतों के अधिकार–अभिलेख एवं ग्रामवार मानचित्र बनाने का कार्य प्रक्रियाधीन है। इस कार्य के तहत प्रथम चरण में वर्त्तमान में राज्य के 20 जिलों यथा– बेगूसराय, लखीसराय, अररिया, सीतामढ़ी, सुपौल, मधेपुरा, प0चम्पारण, शेखपुरा, जमुई, शिवहर, बांका, जहानाबाद, अरवल, सहरसा, किशनगंज, कटिहार, पूर्णियाँ, मुंगेर, नालंदा एवं खगड़िया में अधिकार अभिलेख (खतियान) एवं ग्रामवार मानचित्र निर्माण का कार्य प्रगति पर है एवं राज्य के शेष सभी जिलों एवं अंचलों में जून, 2024 से कार्य प्रारंभ किया जाना है।

उक्त के आलोक में स्पष्ट करना है कि राज्य के विभिन्न जिलों में विशेष सर्वेक्षण प्रक्रिया के क्रम में NHAI की भूमि का सीमांकन स्पष्ट रूप से प्रदर्शित नहीं होने एवं विभिन्न जिलों/अंचलों एवं ग्रामों में अवस्थित NHAI की भूमि की विवरणी प्राप्त नहीं होने एवं रैयतों द्वारा NHAI से संबंद्ध भूमि संबंधी दावो के कारण अधिकार अभिलेख निर्माण में कठिनाई हो रही है। इस समस्या के कारण रैयतों द्वारा किए जा रहे दावों के आलोक में NHAI की भूमि का अधिकार–अभिलेख रैयतों के नाम पर निर्धारित होने की प्रबल सम्भावना है। इस संबंध में विशेष सर्वेक्षण संचालित जिले बेगूसराय के बन्दोबस्त पदाधिकारी द्वारा विभिन्न मौजों में NHAI की भूमि की विवरणी प्राप्त नहीं होने के कारण कार्य बाधित होने का प्रतिवेदन भी दिया गया है, जो इस पत्र के साथ संलग्न है।

अतः उक्त के आलोक में अनुरोध है कि NHAI विभाग के स्वामित्व अन्तर्गत भूमि की विवरणी प्राथमिकता के आधार पर प्रथम चरण के 20 जिलों एवं तत्पश्चात् शेष 18 जिलों के NHAI की भूमि की विवरणी जिला के बन्दोबस्त पदाधिकारी को उपलब्ध कराने हेतु सम्बन्धित पदाधिकारियों को निदेशित करने का कष्ट किया जाए।

कृपया इसे अत्यावश्यक समझा जाए।

**अनुलग्नक**– यथोक्त।

विश्वासभाजन

**ह0/–**
**(दीपक कुमार सिंह)**
अपर मुख्य सचिव,
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग,
बिहार, पटना।

**E-Mail**

**बिहार सरकार**
**राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग**
**(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)**

**ज्ञापांकः** 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95 / 2019–पार्ट–I ...2011... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

**प्रतिलिपिः** बन्दोबस्त पदाधिकारी, किशनगंज, अररिया / बांका / बेगूसराय / जमुई / जहानाबाद / कटिहार / खगड़िया / लखीसराय / मधेपुरा / मुंगेर / नालंदा / पूर्णिया / सहरसा / शेखपुरा / शिवहर / सीतामढ़ी / नवादा / गया / अपर समाहर्त्ता–सह–प्रभारी बन्दोबस्त पदाधिकारी, अरवल / अररिया / सुपौल / प0 चम्पारण को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप,
बिहार, पटना।

**ज्ञापांकः** 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95 / 2019–पार्ट–I ...2011... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

**प्रतिलिपिः** प्रभारी पदाधिकारी, पटना / कैमूर (भभूआ) / रोहतास (सासाराम) / भोजपुर / बक्सर / दरभंगा / समस्तीपुर / मधुबनी / सारण / सिवान / गोपालगंज / मुजफ्फरपुर / वैशाली / पूर्वी चम्पारण औरंगाबाद / भागलपुर / नवादा / गया को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95 / 2019–पार्ट–I ...2011... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय बिहार, पटना / राजस्व (सर्वे) प्रशिक्षण संस्थान, शास्त्रीनगर, पटना में पदस्थापित प्राचार्य / अनुदेशक एवं सहायक बन्दोबस्त पदाधिकारी–सह–प्रमण्डलों के नोडल पदाधिकारियों को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यार्थ प्रेषित।

6/5

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95 / 2019–पार्ट–I ...2011... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : निदेशक, भू–अभिलेख एवं परिमाप, बिहार, पटना के प्रधान आप्त सचिव को सूचनार्थ प्रेषित।

6/5

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप

**ज्ञापांकः** 17–सरकारी भूमि (अनुरक्षण कोषांग)–95 / 2019–पार्ट–I ...2011... **पटना, दिनांकः** 06/05/2024

**प्रतिलिपि** : श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर को बेवसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

6/5/2024

**सहायक निदेशक,**
भू–अभिलेख एवं परिमाप